an>

Title: Need to expedite construction of Rimoli to Rajamunda section of National Highway No.215 in Keonjhar Parliamentary Constituency, Odisha.

श्रीमती सकुंतला लागुरी (क्योंझर) : मैं सरकार का ध्यान दिलाना चाहती हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र क्योंझर, ओडिसा में पानी कोइली से राजा मुंडा के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग दो भागों में बंटा हुआ है। रिमोली से राजा मुंडा के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग 215 का कार्य तीन साल से लंबित है और मार्ग की मरम्मत का कार्य भी समय पर नहीं हो पाता है जिसके कारण आये दिन इस राष्ट्रीय राजमार्ग पर दुर्घटनाएं होती रहती हैं। उपरोक्त राष्ट्रीय राजमार्ग को ओडिसा राज्य की जीवन रेखा माना जाता है। जब तक इस राष्ट्रीय राजमार्ग को समुचित ढंग से यातायात के लिए प्रचालन में नहीं लाया जाएगा तब तक क्योंझर का सामाजिक, औद्योगिक विकास संभव नहीं है।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि रिमोली से राजा मुंडा के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण किया जाये और जहां-जहां पर मरम्मत कार्य होना है उसको समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाये।